भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या 411
04 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

**विशाखापत्तनम में पीएमएमएसवाई की प्रगति**

**+411. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**
**श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लिः**

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में विजयनगरम और विशाखापत्तनम के विशेष संदर्भ में अनुमोदित परियोजनाओं की राज्यवार और जिलावार वर्तमान स्थिति और अपेक्षित समापन तिथियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में विजयनगरम और विशाखापत्तनम के विशेष संदर्भ में मत्स्य बंदरगाहों केंद्रों के निर्माण और आधुनिकीकरण तथा मत्स्य बंदरगाहों के उन्नयन के लिए आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई जिलेवार कुल निधि कितनी है, साथ ही इन परियोजनाओं में होने वाले किसी विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में विजयनगरम और विशाखापत्तनम के विशेष संदर्भ में मत्स्य बंदरगाहों पर चोरी को रोकने के लिए सीसीटीवी निगरानी सुविधाओं सहित मूलभूत अवसंरचना प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार आंध्र प्रदेश और विशाखापत्तनम बंदरगाहों से समुद्री निर्यात की उच्च मात्रा को देखते हुए कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और कोल्ड चेन अवसंरचना के निर्माण का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत कुल 2398.72 करोड़ रुपए की लागत से आंध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है जिसमें विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों सहित राज्य में मात्स्यिकी और जलीय कृषि विकास के लिए 559.10 करोड़ रुपए का केंद्रीय अंश शामिल है। पीएमएमएसवाई के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सरकार को और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों को स्वीकृत गतिविधि-वार विवरण क्रमशः अनुबंध-। और ॥ में दिए गए हैं।

(ख): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत कार्यान्वित जिलावार इन्फ्रास्ट्रक्चर गतिविधियों की स्थिति, जिसमें विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिले भी शामिल हैं, अनुबंध-III में दी गई है।

(ग): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, नीलामी हॉल, जाल मरम्मत हॉल, ड्राईंग प्लेटफॉर्म, विश्राम कक्ष, पार्किंग एरिया, बीच लैंडिंग फैसिलिटी और शौचालय जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। हालांकि, सीसीटीवी निगरानी सुविधा मुख्य रूप से फिशिंग हारबर्स में प्रदान की जाती है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट किया है कि विशाखापत्तनम फिशिंग हार्बर में, पेरिफेरल सेक्युर्टी के अलावा, फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण और अपग्रेडेशन के अंतर्गत 111 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव है।

(घ) और (ड़): आंध्र प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट किया है कि पुदीमादका, बुदगटलापलेम और कोदपट्टनम फिशिंग हार्बर में कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा, विशाखापत्तनम फिशिंग हार्बर में, 20 ठंडे कमरों (चिल रूम) के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई है।

*****

अनुबंध- I

**पीएमएमएसवाई के कार्यान्वयन के संबंध में 4 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 411 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण - पीएमएमएसवाई के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सरकार को अनुमोदित गतिविधियाँ ।**

(रुपए लाख में)

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | इकाई | वास्तविक इकाई | परियोजना लागत | केंद्रीय अंश |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) |
| 1 | मीठे पानी की फिनफिश हैचरी | संख्या | 5.00 | 125.00 | 36.00 |
| 2 | खारे पानी की हैचरी | संख्या | 10.00 | 500.00 | 150.00 |
| 3 | मीठे पानी वाले क्षेत्र के लिए बायोफ्लोक तालाबों का निर्माण | हैक्टर | 47.00 | 658.00 | 186.48 |
| 4 | खारे पानी वाले क्षेत्रों के लिए बायोफ्लोक तालाबों का निर्माण | हैक्टर | 50.00 | 900.00 | 265.68 |
| 5 | जलाशयों में फिंगरलिंग्स का भंडारण @1000एफएल/हेक्टेयर | हैक्टर | 1914.00 | 5742.00 | 1641.00 |
| 6 | ओपन सी केज की स्थापना | संख्या | 800.00 | 4000.00 | 1084.80 |
| 7 | इनपुट सहित सी वीड कल्चर राफ्ट्स | संख्या | 26000.00 | 390.00 | 115.20 |
| 8 | इनपुट सहित मोनोलाइन/ट्यूब नेट विधि से सी वीड कल्चर की स्थापना | संख्या | 41200.00 | 3296.00 | 902.40 |
| 9 | बिवाल्व कल्टीवेशन (मसल्स, क्लैम्स, पर्ल आदि) | | 50.00 | 10.00 | 3.00 |
| 10 | बड़े आरएएस की स्थापना (न्यूनतम 90 मीटर 3 के 8 टैंक / टैंक क्षमता 40 टन /क्रॉप) | संख्या | 34.00 | 1700.00 | 480.00 |
| 11 | मध्यम आरएएस की स्थापना (न्यूनतम 30 मी 3 के 6 टैंक /टैंक क्षमता 10 टन/क्रॉप) | संख्या | 10.00 | 250.00 | 72.00 |
| 12 | बैकयार्ड मिनी-आरएएस इकाइयों की स्थापना | संख्या | 20.00 | 10.00 | 3.12 |
| 13 | जलाशयों में केज की स्थापना | संख्या | 300.00 | 900.00 | 254.16 |
| 14 | कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट्स का निर्माण (10 टन/दिन) | संख्या | 10.00 | 400.00 | 115.20 |
| 15 | कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट्स का निर्माण (20 टन/दिन) | संख्या | 1.00 | 80.00 | 19.20 |
| 16 | कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट्स का निर्माण (30 टन/दिन) | संख्या | 1.00 | 120.00 | 43.20 |
| 17 | कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट्स का निर्माण (50 टन/दिन) | संख्या | 4.00 | 600.00 | 162.00 |
| 18 | इंसुलेटेड वाहन | संख्या | 200.00 | 4000.00 | 1152.00 |
| 19 | लाइव फिश वेंडिंग सेंटर्स | संख्या | 245.00 | 4900.00 | 1408.80 |
| 20 | आइस बॉक्स के साथ मोटर साइकिल | संख्या | 800.00 | 600.00 | 172.80 |
| 21 | फिश वेंडिंग के लिए ई-रिक्शा सहित आइस बॉक्स युक्त थ्री वीलर | संख्या | 400.00 | 1200.00 | 345.60 |
| 22 | फिश फीड प्लांट्स (बड़े) | संख्या | 5.00 | 1450.00 | 450.00 |
| 23 | ओर्नामेंटल फिश/एक्वेरियम मार्केट्स सहित फिश रिटेल मार्केट्स | संख्या | 150.00 | 12000.00 | 3288.00 |

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | इकाई | वास्तविक इकाई | परियोजना लागत | केंद्रीय अंश |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | एक्वेरियम/ ओर्नामेंटल फिश के कियोस्क सहित फिश कियोस्क | संख्या | 4615.00 | 14263.75 | 3992.73 |
| 25 | मत्स्य मूल्य वर्धित उद्यम इकाइयाँ | संख्या | 25.00 | 1250.00 | 360.00 |
| 26 | मत्स्य और मात्स्यिकी उत्पादों की ई-ट्रेडिंग और ई-मार्केटिंग के लिए ई-प्लेटफॉर्म | संख्या | 1.00 | 100.00 | 24.00 |
| 27 | पारंपरिक मछुआरों के लिए डीप-सी फिशिंग वेसेल्स के अधिग्रहण के लिए सहायता | संख्या | 50.00 | 6000.00 | 1526.40 |
| 28 | मैकेनाइज्ड फिशिंग वेसेल्स में जैव-शौचालय की स्थापना | संख्या | 1300.00 | 650.00 | 159.60 |
| 29 | रोग निदान और गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएँ | संख्या | 2.00 | 50.00 | 15.00 |
| 30 | रोग निदान और गुणवत्ता परीक्षण मोबाइल प्रयोगशालाएं/क्लिनिक | संख्या | 8.00 | 280.00 | 79.80 |
| 31 | पारंपरिक और मोटराइज्ड वेसल्स के लिए संचार और/या ट्रैकिंग उपकरण जैसे वीएचएफ/डीएटी/एनएवीआईसी/ट्रांसपोंडर आदि। | संख्या | 10000.00 | 3500.00 | 892.08 |
| 32 | पारंपरिक मछुआरों के लिए बोट्स (रिप्लेस्मेंट) और जाल उपलब्ध कराना | संख्या | 2191.00 | 10955.00 | 2659.20 |
| 33 | मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/मंद अवधि के दौरान मात्स्यिकी संसाधनों के संरक्षण के लिए सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े, सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी सहायता । | संख्या | 123000.00 | 19922.4 | 6640.80 |
| 34 | ब्रूड बैंकों की स्थापना | संख्या | 1.00 | 500.00 | 300.00 |
| 35 | इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क | संख्या | 1.00 | 8808.00 | 5285.00 |
| 36 | फिशिंग हारबर्स का विकास | संख्या | 3.00 | 113720.00 | 12000.00 |
| 37 | मॉडर्न इंटीग्रेटेड फिश लैंडिंग सेंटर | संख्या | 6.00 | 12691.32 | 7614.79 |
| 38 | कर्नाटक के तट पर आर्टिफ़िश्यल रीफ़्स की स्थापना | संख्या | 22.00 | 770.00 | 462.00 |
| 39 | बहुउद्देशीय सहायता सेवाएँ – सागर मित्र | संख्या | 600.00 | 2581.20 | 1548.72 |
| | **कुल** | | | **239872.67** | **55910.76** |

*****

**अनुबंध- II**

**विशाखापत्तनम में पीएमएमएसवाई के अंतर्गत प्रगति के संबंध में दिनांक 4 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए  लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 411 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण- आंध्र प्रदेश के विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों में पीएमएमएसवाई के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए पीएमएमएसवाई के अंतर्गत अनुमोदित गतिविधियां।**

| **क्र.सं.** | **गतिविधि का नाम** | **स्वीकृत इकाई** | |
|---|---|---|---|
| | | **विजयनगरम** | **विशाखापत्तनम** |
| 1 | खारे पानी के तालाबों के लिए बायोफ्लोक तालाब | 1 | 2 |
| 2 | ताजे पानी के तालाबों के लिए बायोफ्लोक तालाब | 2 | 1 |
| 3 | जलाशय में फिंगरलिंग्स का भंडारण (1000 हेक्टेयर/इकाई) | 20 | 1.3 |
| 4 | बड़े आरएएस सिस्टम | 3 | 1 |
| 5 | बोट्स और  जाल  (रिप्लेस्मेंट) | 180 | 129 |
| 6 | आइस प्लांट्स – 10टी | - | 1 |
| 7 | ऑपन सी केज कल्चर | 13 | 38 |
| 8 | जलाशय में केज की स्थापना | 5 | 1 |
| 9 | आइस बॉक्स वाली मोटर साइकिलें | 82 | 28 |
| 10 | इंसुलेटेड वाहन | 6 | 5 |
| 11 | डीप सी फिशिंग वेसेल्स | - | 6 |
| 12 | जैव शौचालय | - | 133 |
| 13 | फिश रिटेल मार्केट | 3 | 3 |
| 14 | मूल्य संवर्धित उद्यम | 2 | 3 |
| 15 | लाइव फिश वेंडिंग सेंटेर्स | 6 | 7 |
| 16 | फिश कियोस्क का निर्माण | 26 | 26 |
| 17 | फिश कियोस्क-मिनी | 142 | 140 |
| 18 | आइस बॉक्स के साथ थ्री वीलर | 12 | 10 |
| 19 | फिश लैंडिंग सेंटर | 1 | 1 |
| 20 | सागरमित्र | 78 | 87 |
| 21 | आर्टिफ़िश्यल रीफ़्स | - | 3 |

****

**अनुबंध- III**

**विशाखापत्तनम में पीएमएमएसवाई के अंतर्गत प्रगति के संबंध में दिनांक 4 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 411 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण - पीएमएमएसवाई के अंतर्गत विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों सहित जिलावार इनफ्रास्ट्रक्चर गतिविधियों के कार्यान्वयन की स्थिति।**

| क्र.स. | जिले का नाम | घटक का नाम | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | बुदागटलापलेम फिशिंग हार्बर | कार्य प्रारंभ |
| 2 | विजयनगरम | फिश लैंडिंग सेंटर (एफएलसी), चिंतापल्ली | निविदा चरण |
| 3 | अनकापल्ली | पुदिमादका फिशिंग हार्बर | कार्य प्रारंभ |
| | | एफएलसी, राजाय्यापेटा | निविदा चरण |
| | | एफएलसी, डोंडावाका | निविदा चरण |
| 4 | विशाखापत्तनम | एफएलसी, भीमिली | निविदा चरण |
| 5 | काकीनाडा | एफएलसी, उप्पलंका | निविदा चरण |
| 6 | बापतला | इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क | भूमि का अग्रिम कब्ज़ा ले लिया गया है, कार्यकारी एजेंसी की पहचान कर ली गई है। |
| 7 | प्रकाशम | कोदपट्टनम फिशिंग हार्बर | वैकल्पिक स्थल की पहचान की गई। |
| 8 | तिरुपति | एफएलसी, रायदारुवु | निविदा चरण |

****